पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सीतापुर

सत्रांत परीक्षा (2024-25)

कक्षा – 6 **विषय – हिंदी** **पूर्णांक** – 60 **समय** – 2 **घंटा** 30 **मिनट**

सामान्य निर्देश -

- सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।
- यथासंभव प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए।
- प्रत्येक प्रश्न के अंक सामने अंकित है।

	अपठित गद्यांश	
प्रश्न 1	**नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए –**	5
	सूत कातने के अधिक परिश्रम से गांधीजी की आंखें दुखने लगी थीं। डॉक्टर ने आराम करने के लिए कहा । सुबह उठकर सारा दिन काम करने के बदले कम काम करने की सलाह दी । परंतु गांधी जी ने एक भी बात स्वीकार नहीं की। गांधीजी की आँखों में अत्यंत पीड़ा थी जिसका आदम को बहुत दुख था । अतः वह उन्हें कम काम करने के लिए समझाने लगा । गांधी जी ने उसकी बात सुनी और कहा " देखो भाई आदम यह सूरज अपना काम कभी भी नहीं छोड़ता ठीक समय पर निकलता है और सारे संसार को रोशनी देता है तो हम अपना काम कैसे छोड़े ?"	
(क)	डॉक्टर ने गांधीजी को क्या सलाह दी ? (i) बिल्कुल काम न करने की। (ii) आराम करने व कुछ काम करने की सलाह दी । (iii) समयानुसार दवाई खाने की सलाह दी। (iv) हवा - पानी बदलने की सलाह दी।	1
(ख)	आदम को किस बात का दुख था ? (i) गांधी जी के द्वारा काम करते रहने का। (ii) गांधीजी की आंखों की पीड़ा का। (iii) गांधीजी के लिए कुछ न कर पाने का। (iv) दिए गए सभी।	1
(ग)	गांधीजी ने आदम से क्या कहा ? (i) मैं कल से आराम करूंगा। (ii) मैं दवाइयां समयानुसार लूंगा। (iii) जिस प्रकार सूरज अपना काम निरंतर करता है वैसे ही हमें भी अपना कार्य करना नहीं छोड़ना चाहिए । (iv) मुझे अब आराम है ।	1
(घ)	गांधीजी लोगों को क्या संदेश देना चाहते हैं ?	2
	अपठित पद्यांश	
प्रश्न 2	**निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए –**	**5**
	धरती का श्रृंगार पेड़ है जीवन का आधार पेड़ हैं। पर्यावरण की रक्षा करते	

	जग को वर्षा जल से भरते। सर्दी, ओले, धूप, को सहते फिर भी मुख से कुछ न कहते। सभी पेड़ हैं मित्र हमारे हर उत्सव है उनके सहारे। जो जन पेड़ लगाते हैं सुख और वैभव पाते हैं। बड़े अनोखे हैं, ये पेड़ लुप्त हो रहे सुंदर पेड़।	
(क)	धरती का श्रृंगार क्या है ? (i) नदियाँ (ii) समुद्र (iii) भवन (iv) पेड़	1
(ख)	'पर्यावरण' की सुरक्षा कौन करता हैं ? (i) नदियाँ (ii) समुद्र (iii) भवन (iv) पेड़	1
(ग)	पेड़ों की किस रूप में दर्शाया गया है ? (i) रक्षक (ii) भाई-बंधू (iii) मित्र (iv) दिए गए सभी	1
(घ)	सुलभ जीवन हेतु क्या आवश्यक है ?	2
	पठित गद्यांश	
प्रश्न 3	**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए –**	**5**
	मॉरिशस वह देश है, जिसका कोई भी हिस्सा समुद्र से पंद्रह मील से ज्यादा दूर नहीं है। मॉरिशस वह देश है, जहाँ की जनसंख्या के 67 प्रतिशत लोग भारतीय खानदान के हैं तथा जहाँ 53 प्रतिशत लोग हिंदू हैं। मॉरिशस वह देश है, जिसकी राजधानी पोर्टलुई की गलियों के नाम कलकत्ता, मद्रास, हैदराबाद और बम्बई हैं तथा जिसके एक पूरे मोहल्ले का नाम काशी है। मॉरिशस वह देश है, जहाँ बनारस भी है, गोकुल भी है और ब्रह्मस्थान भी। मॉरिशस वह देश है, जहाँ माध्यमिक स्कूलों को कॉलेज कहने का रिवाज है। चूँकि मॉरिशस के हिंदुओं में से अधिकांश बिहार और उत्तर प्रदेश के लोग हैं, इसलिए हिंदी का मॉरिशस में व्यापक प्रचार है। मॉरिशस की राजभाषा अंग्रेजी, किंतु संस्कृति की भाषा फ्रेंच है। मगर जनता वहाँ क्रेयोल बोलती है।	
(क)	यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? (i) सत्रिया और बिहू नृत्य से (ii) पेड़ की बात से (iii) हिंद महासागर में छोटा-सा हिन्दुस्तान से (iv) परीक्षा से	**1**
(ख)	इस गद्यांश के लेखक कौन हैं ? (i) जया मेहता (ii) जगदीशचंद्र बसु (iii) रामधारी सिंह दिनकर (iv) प्रेमचंद	**1**
(ग)	मॉरिशस की राजधानी क्या है ? (i) मद्रास (ii) हैदराबाद (iii) बंबई (iv) पोर्टलुई	**1**
(घ)	मॉरिशस की राजभाषा क्या है ? (i) हिंदी (ii) संस्कृत (iii) क्रेयोल (iv) अंग्रेजी	**1**
(ङ)	मॉरिशस में कितने प्रतिशत भारतीय है ?	**1**

	(i) 10 (ii) 53 (iii) 67 (iv) 63	
	पठित पद्यांश	
प्रश्न 4	**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए –**	**5**
	जो तनिक हवा से बाग हिली लेकर सवार उड़ जाता था। राणा की पुतली फिरी नहीं तब तक चेतक मुड़ जाता था। कौशल दिखलाया चालों में उड़ गया भयानक भालों में। निर्भीक गया वह ढालों में सरपट दौड़ा करवालों में। है यहीं रहा, अब यहाँ नहीं वह वहीं रहा है वहाँ नहीं। थी जगह न कोई जहाँ नहीं किस अरि-मस्तक पर कहाँ नहीं।	
(क)	यह पद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? (i) जलाते चलो से (ii) चेतक की वीरता से (iii) हिंद महासागर में छोटा-सा हिन्दुस्तान से (iv) परीक्षा से	**1**
(ख)	इस पद्यांश के लेखक कौन हैं ? (i) सूरदास (ii) श्यामनारायण पाण्डेय (iii) रामधारी सिंह दिनकर (iv) कवि प्रदीप	**1**
(ग)	प्रस्तुत पद्यांश में शत्रु के लिए कौन-सा शब्द प्रयोग किया गया है ? (i) भयानक (ii) निर्भीक (iii) अरि (iv) मस्तक	**1**
(घ)	चेतक किसे लेकर उड़ जाता था ? (i) तलवार को (ii) दुश्मन को (iii) राणा को (iv) हवा को	**1**
(ङ)	चेतक अपना कौशल कहाँ दिखलाता था ? (i) मुड़ने में (ii) चालो में (iii) लड़ने में (iv) ढालो में	**1**
	पाठ्यपुस्तक से प्रश्न	
प्रश्न 5	निम्नलिखित प्रश्नों मे से व**किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**	**10**
(क)	बीज के अंकुरित होने में किस-किस का सहयोग मिलता है ? "पेड़ की बात" पाठ के आधार पर बताइए।	**2**
(ख)	"परीक्षा" पाठ के आधार पर बताइए यदि कहानी में दीवान साहब के स्थान पर आप होते तो योग्य व्यक्ति को कैसे चुनते ?	**2**
(ग)	एंजेला कहाँ घूमने गयी थी और क्यों?	**2**
(घ)	यशोदा माता ने श्रीकृष्ण को गले क्यों लगा लिया ? "मैया मैं नहीं माखन खायो" कविता के आधार पर बताइए।	**2**
(ङ)	"बिहू एक कृषि आधारित त्योहार है |" कैसे ? "सत्रिया और बिहू" पाठ के आधार पर बताइए।	**2**

(च)	चेतक किसके घोड़े का नाम था?	2
(छ)	परीक्षा पाठ का सारांश अपने शब्दों मे लिखिये।	2
	व्याकरण	
प्रश्न 6	**निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**	15
(क)	वान शब्द में अलग-अलग शब्द जोड़कर चार नए शब्द बनाइए।	2
(ख)	**निम्न मुहावरों** में से किसी एक का **अर्थ बताकर** उसका **वाक्य में प्रयोग कीजिए** **(i)** नौ दो ग्यारह होना **(ii)** आँख का तारा होना	2
(ग)	जल एवं आकाश शब्द के पर्यायवाची शब्द बताइए ।	2
(घ)	निम्नलिखित शब्दों में से सर्वनाम शब्द कौन-सा होगा ? (i) बच्चे (ii) टोपी (iii) वह (iv) गांधी	1
(ङ)	"आसमान" शब्द के भीतर छिपे चार शब्द बताइए।	2
(च)	नीचे दी गई कहावतों का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए (i)एक अनार सौ बीमार (ii)जहाँ चाह वहाँ राह	2
(छ)	निम्नलिखित में समानार्थी शब्द का सही युग्म कौन-सा है ? (i) हवा-अनल (ii) रण-तुरंग (iii) नभ-गगन (iv) पृथ्वी – राकेश	1
(ज)	निम्नलिखित शब्दों में से **<u>रण</u>** का समानार्थी शब्द कौन-सा है ? (i) राणा (ii) दुश्मन (iii) युद्ध (iv) ऊँचा	1
(झ)	**<u>स्वस्थ</u>** शब्द का विपरीतार्थक शब्द कौन-सा है ? (i) अस्वस्थ (ii) असुरक्षित (iii) ठीक (iv) हालत	1
(ञ)	**<u>दयालु</u>** शब्द का विपरीतार्थक शब्द कौन-सा है ? (i) निर्दयी (ii) निराशा (iii) दयावान (iv) महात्मा	1
	लेखन	
प्रश्न 7	निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए (क)आप भोपाल घूमने जा रहे हैं | इसके लिए प्राचार्य महोदय को चार दिन के अवकाश का प्रार्थना पत्र लिखिए | **अथवा** (ख)अपनी बड़ी बहन को पत्र लिखकर उनको परीक्षा में अच्छे अंक लाने की शुभकामनाएँ दीजिए|	5
प्रश्न 8	किसी एक विषय पर 80 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए । (क) होली : रंगों का त्यौहार (ख) जल ही जीवन है (ग) व्यायाम के लाभ	5
प्रश्न 9	(क) डॉक्टर और मरीज के बीच 80 शब्दों में संवाद लिखिए। **अथवा** (ख) "लालच बुरी बला है" शीर्षक के आधार पर एक कहानी लिखिए।	5